# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर

पत्रांक/बे0शि0/9312–13/2021–22 दिनांक : 6 अक्टूबर 2021

<u>कार्यालय ज्ञाप</u>

प्रबन्धक, एस०एस० मैमोरियल पब्लिक स्कूल, सैथली, दादरी जनपद गौतमबुद्ध नगर ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 25/08/2021 द्वारा शासनादेश संख्या 419/79–6–2013–18 (20)/91 शिक्षा अनुभाग– 6 लखनऊ दिनांक 08.05.2013 के कम में विद्यालय की मान्यता का नवीनीकरण/स्थाई करने का अनुरोध किया है। अभिलेखानुसार इस कार्यालय के पत्रांक/मान्यता/1153/2013–2014 दिनांक 10.07.2013 द्वारा उक्त विद्यालय को कक्षा नर्सरी से कक्षा 08 तक की मान्यता तीन वर्ष की अवधि हेतु अनंतिम रूप से प्रदान की गयी थी।

उक्त के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या 419/79–6–2013–18 (20)/91 शिक्षा अनुभाग– 6 लखनऊ दिनांक 08.05.2013 के प्रस्तर 15 में निम्नलिखित व्यवस्था दी गयी है:–

प्रथमतया निर्धारित प्रारूप पर नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के दृष्टिगत औपबन्धित मान्यता तीन वर्ष के लिए दी जायेगी। इस अवधि में मान्यता की शर्तों के उल्लंघन से सम्बन्धित यदि कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञानित नहीं होता है तो तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर यह मान लिया जायेगा कि विद्यालय को स्थाई मान्यता प्राप्त हो गयी है।

उक्त संस्था के विरूद्व कार्यालय को विद्यालय के आरम्भ से अद्यतन कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इस आशय का प्रबन्धक द्वारा शपथ पत्र भी उपलब्ध कराया गया है। उक्त शासनादेश एवं प्रबन्धक, एस०एस० मैमोरियल पब्लिक स्कूल, सैथली, दादरी जनपद गौतमबुद्ध नगर द्वारा पत्रावली में उपलब्ध कराये गये अपने विद्यालय सम्बन्धी अद्यतन प्रपत्रों के आधार पर उक्त विद्यालय का मान्यता कोड **GJHS-43** है, की मान्यता को स्थायी समझा जायेगा एवं भविष्य में पत्रांक/मान्यता/1153/2013–2014 दिनांक 10.07.2013 में उल्लिखित समस्त शर्तों/मानकों का पालन एवं शासन द्वारा जारी किये नवीनी शासनादेश भी प्रभावी होंगे। विभाग द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्वांतों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

भवदीय,

(धर्मेन्द्र सक्सेना)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।

पुष्टांकन एवं दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. खण्ड शिक्षा अधिकारी दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर।
2. प्रबन्धक, एस०एस० मैमोरियल पब्लिक स्कूल, सैथली, दादरी जनपद गौतमबुद्ध नगर।

(धर्मेन्द्र सक्सेना)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।

Principal
S.S. Memorial Public School
Sainthali, G.B. Nagar (U.P.)

Manager
S.S. Memorial Public School
Sainthali, G.B. Nagar (U.P.)